Bipin Nambiar
(SBI PO 2018)
Shiraz Khan
(SBI Clerk 2018)
Kuldeep Yadav
(SBI PO 2018)
Rajat Saxena
(IBPS Clerk 2018)
Anupam Tyagi
(IBPS PO 2018)
FRIENDS!
WE USED TESTZONE
AND CRACKED BANK EXAMS
बैंक परीक्षाओ के लिए निश्चित
रूप से सर्वश्रेष्ट मॉक
टेस्ट सीरीज
IT'S YOUR TURN NOW
TAKE A FREE MOCK TEST
Smartkeeda
The Question Bank

Find the error Questions for RRB Scale I Mains & RRB Office Assistance Mains

Hindi Find the error Quiz 3

दिशा-निर्देश : नीचे दिया गया हर एक वाक्य चार भागों में बांटा गया हैं जिन्हे A, B, C, D क्रमांक दिया गया है। दिए गए वाक्यों में जिस भाग में व्याकरण, भाषा, वर्तनी, शब्दों के गलत प्रयोग हैं, उसी भाग का क्रमांक ही उत्तर है। यदि किसी भाग में कोई त्रुटि न हो तो विकल्प E अर्थात त्रुटिरहित होगा ।

1. A. इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि गरीब हितैशी
B. बनने-दिखने के लिए कई राजनीतिक दल यह आरोप तो लगाते हैं कि
C. मोदी सरकार गरीबों की पर्याप्त चिंता नहीं कर रही है, लेकिन वे स्वयं
D. भी उनके हित की योजना को आगे बढ़ाने में आनाकानी करते हैं।
E. त्रुटिरहित

2. A. यह उपलब्धि निश्चित रूप से सिर्फ भारत के लिए
B. ही नहीं, दूसरे देशों से भी बड़ी राहत साबित होगी
C. और भारत विश्व को कोरोना का टीका देने वाला
D. पहला देश बन जाएगा।
E. त्रुटिरहित

3. A. बैंक के संस्थापक राणा कपूर जिस तरह
B. अपने परिचितों को कर्ज़ लुटाते रहे,
C. उसका खामियाज़ा आज बैंक खाताधारकों को
D. उठाना पढ़ रहा है।
E. त्रुटिरहित

4. A. बैंकिंग क्षेत्र को बचाने के लिए आज
B. सबसे बड़ी ज़रूरत बैंकिंग नियामक को
C. मजबूत, ज़िम्मेदार और
D. जवाबदेह क्षेत्र बनाने की है।
E. त्रुटिरहित

5. A. अमेरिका की एक संघीय अदालत ने
B. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ
C. मुकदमा चलाने की डेमोक्रेटिक पार्टी की
D. अपील को मंज़ूरी दे दी है।
E. त्रुटिरहित

Smartkeeda The Question Bank

6. A. ज़मीनी स्तर पर काम करने वाले
B. क्षेत्रीय नेताओं को अपनी पसंद का
C. सरकार बनाने और फैसले लेने
D. की आजादी मिलनी चाहिए।
E. त्रुटिरहित

7. A. पिछले लंबे समय से दिल्ली समेत अन्य
B. राज्यों की सरकार कोरोना से
C. जंग जीतने वाले मरीजों से अनुरोध
D. कर रही हैं कि वे अपना प्लाज्मा दान करें।
E. त्रुटिरहित

8. A. यहां पर सारी योजनाएं विदेशी अंदाज़ में,
B. फसलों की स्थानीय योजनाएं फाइलों में
C. तथा खाद-बीज के सारे लक्ष्य
D. व्यापारिक तर्ज पर तय होते हैं।
E. त्रुटिरहित

9. A. डीजल की कीमत में लगातार इजाफे की वजह से
B. देश में सब्जियों के दामों में 200 फीसदी तक
C. का इजाफा हो चुका है, स्पष्टत: डीजल की कीमत में
D. इजाफा होती है तो देश में महंगाई भी बढ़ती है।
E. त्रुटिरहित

Smartkeeda
The Question Bank

10. A. आतंकियों और सेना के बीच हुई
B. मुठबेड़ में एक सैन्य कर्मी शहीद और
C. जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान
D. दल का एक जवान ज़ख्मी हो गया है।
E. त्रुटिरहित

Correct answer:

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
A	B	D	D	E	B	B	E	D	B

Explanation:

1. भाग A में प्रयोग किया गया शब्द 'हितैशी' वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है।
शुद्ध वर्तनी 'हितैषी' है।
सही भाग: इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि गरीब **हितैषी**
अत: विकल्प A सही है।

2. भाग B में प्रयोग किया गया कारक 'से' वाक्य के सन्दर्भ में अनुचित है।
भारत द्वारा कोरोना महामारी का टीका बनाये जाने से विश्व के अन्य देशों को राहत मिलेगी। अत: सही वाक्य खंड कुछ निम्न प्रकार हैं:
सही भाग: ही नहीं, दूसरे देशों **के लिए** भी बड़ी राहत साबित होगी
अत: विकल्प B सही है।

3. भाग D में प्रयुक्त शब्द 'पढ़' के स्थान पर 'पड़' का प्रयोग उचित है।
सही भाग: उठाना **पड़** रहा है।
अत: विकल्प D सही है।

4. भाग D में प्रयोग किया गया शब्द 'क्षेत्र' वाक्य के सन्दर्भ में अनुपयुक्त है।
सही भाग : जवाबदेह बनाने की है।
अत: विकल्प D सही है।

5. दिया गया वाक्य पूर्ण रूप से त्रुटिरहित है।
अत: विकल्प E सही है।

6. वाक्य खंड B में प्रयुक्त 'का' के स्थान पर 'की' का प्रयोग व्याकरण की दृष्टि से उचित है।
सही भाग : क्षेत्रीय नेताओं को अपनी पसंद **की**
अत: विकल्प B सही है।

7. वाक्य खंड B में प्रयुक्त 'सरकार' के स्थान पर 'सरकारें' का प्रयोग व्याकरण की दृष्टि से उचित है, क्योंकि राज्यों (बहुवचन) के सन्दर्भ में प्रयुक्त 'सरकार' को बहुवचन रूप में प्रयोग किया जाना चाहिए।
सही भाग : राज्यों की **सरकारें** कोरोना से
अत: विकल्प B सही है।

8. दिया गया वाक्य पूर्ण रूप से त्रुटिरहित है।
अत: विकल्प E सही है।

Smartkeeda The Question Bank

9. भाग D में 'होती' के स्थान पर ‘होता’ का प्रयोग व्याकरण की दृष्टि से उचित है।
सही भाग: इजाफा **होता** है तो देश में महंगाई भी बढ़ती है।
अत: विकल्प D सही है।

10. भाग B में प्रयुक्त शब्द मुठबेड़, वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है।
सही वर्तनी मुठभेड़ है।
सही भाग : **मुठभेड़** में एक सैन्य कर्मी शहीद और
अत: विकल्प B सही है।

Smartkeeda
The Question Bank

SmartKeeda
The Question Bank

Presents

TestZone

India's least priced Test Series platform

JOIN

ALL BANK EXAMS

2020-2021 Test Series

@ Just

₹599/-

300+ Full Length Tests

- Brilliant Test Analysis
- Excellent Content
- Unmatched Explanations

JOIN NOW